दिनांकः 12.05.2024 समय : 09:00 ए.एम.

प्रादेशिक समाचार
आकाशवाणी जयपुर–अजमेर

- प्रदेश में बीती रात कई स्थानों पर आंधी बारिश–राजसमंद, पाली और बीकानेर में कुछ जगहों पर गिरे ओले।
- राज्य में आगामी मॉनसून में सघन पौधरोपण के लिए 25 मई तक कार्य योजना होगी तैयार।
- मानव अंग प्रत्यारोपण मामले में जयपुर के एक निजी अस्पताल के दो चिकित्सक गिरफ्तार–प्लाज़मा चोरी प्रकरण का आरोपी भी पकड़ा गया।
- अंतर्राष्ट्रीय नर्सेज दिवस आज–नर्सिंगकर्मियों के सम्मान में हो रहे हैं विभिन्न आयोजन।

.................

प्रदेश में बीती रात कई स्थानों पर आंधी बारिश का दौर रहा। वहीं कुछ स्थानों पर ओले भी गिरे। इससे लोगों को भीषण गर्मी और लू से राहत मिली है। हनुमानगढ़, सीकर, बारां, भीलवाड़ा, करौली और चित्तौडगढ़ में तेज हवाओं के साथ हल्की बारिश होने से मौसम खुशनुमा हो गया और तापमान में थोड़ी गिरावट आई है। राजधानी जयपुर में भी देर रात अंधड़ के साथ हल्की बरसात का दौर चला। राजसमंद और बीकानेर के सीमावर्ती क्षेत्र तथा खाजूवाला में ओले गिरे। बीकानेर के नापासर, गजनेर और सतलेरा में तेज बारिश हुई। पाली से हमारे संवाददाता ने बताया कि पिछले कई दिन से जारी प्रचंड गर्मी और उमस के दौर के बाद कल शाम मौसम बदला। जिले के देसूरी में ओलावृष्टि हुई।

.................

फलौदी के लोहावट क्षेत्र के नया बेरा में बिजली गिरने से दो बच्चों की झुलसने से मृत्यु हो गयी। उधर, अजमेर जिले में कई स्थानों पर गरज के साथ बरसात हुई और पुष्कर के रंगजी मंदिर पर बिजली गिरने के समाचार हैं। कई स्थानों पर तेज हवाओं और आंधी के बाद बिजली आपूर्ति प्रभावित हुई।

प्रदेश में पश्चिमी विक्षोभ के सक्रिय रहने के बावजूद कुछ स्थानों पर तेज गर्मी का प्रकोप रहा है। फलौदी में अधिकतम तापमान 43 दशमलव 2 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड हुआ। वहीं चूरू, जोधपुर, डूंगरपुर और जालौर में भी पारा 42 डिग्री सेल्सियस के ऊपर दर्ज हुआ।

मौसम केन्द्र जयपुर से मिली जानकारी के अनुसार पश्चिमी विक्षोभ के असर से हो रही आंधी बारिश की गतिविधियां अगले दो दिन तक जारी रहने की संभावना है। इसके असर से आज कोटा, जयपुर, भरतपुर, अजमेर, उदयपुर, जोधपुर और बीकानेर संभाग में कहीं–कहीं हल्की वर्षा के आसार हैं।

.................

ग्रामीण विकास और पंचायतीराज विभाग के अतिरिक्त मुख्य सचिव अभय कुमार ने आगामी मॉनसून में प्रदेश में सघन पौधरोपण की कार्ययोजना तैयार करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कल इस बारे में वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग से बैठक की। इस दौरान उन्होंने जिला परिषदों के मुख्य कार्यकारी अधिकारियों को अपने–अपने जिलों के वन अधिकारी और अन्य विभागों के साथ समन्वय कर 25 मई तक कार्य योजना तैयार करने की बात कही। उन्होंने विद्यालयों, कार्यालयों, आंगनबाड़ी केंद्रों, सामुदायिक मैदान और सड़क के किनारे खाली जमीन पर पौधरोपण करने के निर्देश दिये। अतिरिक्त मुख्य सचिव ने कहा कि इसके लिए एक जून से 30 जून तक पौधों की उपलब्धता सुनिश्चित की जाए। साथ ही सभी जिलों में एक जुलाई से 15 अगस्त तक पौधारोपण अभियान चलाया जाए।

.................

मानव अंग प्रत्यारोपण मामले में पुलिस ने जयपुर के निजी अस्पताल के दो चिकित्सकों को गिरफ्तार किया है। जयपुर पूर्व के पुलिस उपायुक्त कावेन्द्र सिंह सागर ने बताया कि नेफ्रोलॉजिस्ट जितेन्द्र गोस्वामी और यूरोलॉजिस्ट संदीप गुप्ता को गिरफ्तार किया गया है। इनसे पूछताछ की जा रही है। वहीं जे.के. लोन अस्पताल के ब्लड बैंक से प्लाज्मा चोरी करने वाले आरोपी किशन सहाय कटारिया को कल जयपुर में गिरफ्तार किया गया। पुलिस ने बताया कि आरोपी ने 76 यूनिट प्लाज्मा चोरी किया था।

.................

भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन–**इसरो** ने **लिक्विड रॉकेट इंजन** का सफल परीक्षण कर कीतिर्मान रचा है। इस इंजन को अत्याधुनिक एडिटिव मैन्युफैक्चरिंग तकनीक से बनाया गया है। इससे प्रति इंजन कच्चे माल के उपयोग और उत्पादन समय में भी काफी बचत होगी। इसरो इस पीएस–चार इंजन को नियमित पीएसएलवी कार्यक्रम में शामिल करने की योजना बना रहा है।

.................

उत्तराखंड के प्रसिद्ध बद्रीनाथ धाम के कपाट आज श्रद्धालुओं के लिए खुल गये। इस अवसर पर बडी संख्या में भक्त उपस्थित रहे। यहां दर्शन के लिए विशेष इंतजाम किये गये हैं। बद्रीनाथ धाम के कपाट खुलने के साथ ही सभी चारों धाम अब श्रद्धालुओं के लिये खुल गये हैं। इससे पहले केदारनाथ, यमुनोत्री और गंगोत्री धाम के कपाट दस मई को खोले गये थे।

.................

आज अंतर्राष्ट्रीय नर्सेज दिवस है। इस वर्ष की थीम है – **अवर नर्सेज, अवर फ्यूचर**। नर्सेज दिवस के अवसर पर प्रदेश में विभिन्न आयोजन हो रहे हैं। नर्सिंगकर्मियों को सम्मानित भी किया जा रहा है। बारां में आज थैलेसीमिया पीड़ित बच्चों के लिए रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया है। अजमेर में नर्सेज एसोसिएशन की ओर से जेएलएन मेडिकल कॉलेज में कार्यक्रम रखा गया है। बीकानेर में भी इस अवसर पर राजकीय नर्सिंग स्कूल और ट्रोमा सेंटर सहित अन्य स्थानों पर कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। जयपुर के महिला चिकित्सालय में कार्यरत नर्सिंगकर्मी कंचन ने अपने पेशे को सेवा से जुड़ा बताया।

...............

आज दुनियाभर में मदर्स डे मनाया जा रहा है। मातृ दिवस हर साल मई महीने के दूसरे रविवार को मनाया जाता है। इस दिन माताओं के प्रति प्रेम, सम्मान और कृतज्ञता व्यक्त की जाती है। इस दिन सभी आयु वर्ग के लोग फूल, कार्ड, चॉकलेट और उपहार देकर माताओं को धन्यवाद देते हैं। मातृ दिवस पर विभिन्न संस्थाओं की ओर से माताओं के सम्मान में कई कार्यक्रम हो रहे हैं।

.................

राज्य में पीपल पूर्णिमा के अवसर पर संभावित बाल विवाहों की रोकथाम के लिए प्रशासन कड़ी निगरानी रख रहा है। भीलवाड़ा में प्रशासन ने आठ बाल विवाह रोके। जिला कलेक्टर नमित मेहता ने बताया कि अक्षय तृतीया पर इन विवाहों की सूचना कंट्रोल रूम पर मिली थी। इसके बाद पुलिस ने मौके पर पहुंचकर इन्हें रोका।

.................

प्रदेश में मिलावट खोरी के खिलाफ चल रहे शुद्ध आहार, मिलावट पर वार अभियान के तहत बीकानेर में एक हजार 761 किलो नकली घी जब्त किया गया है। चिकित्सा और स्वास्थ्य विभाग की ओर से खाद्य सुरक्षा और औषधिक नियंत्रण के आयुक्त के निर्देश पर हुई इस कार्रवाई के बाद घी के नमूनों को जांच के लिए भेजा जाएगा।

.................

दिल्ली–मुंबई एक्सप्रेस वे पर बांदीकुई क्षेत्र में एक कार बेकाबू होकर हादसे का शिकार हो गयी, जिससे कार सवार तीन लोगों की मृत्यु हो गयी और तीन अन्य घायल हो गये। ये दुर्घटना बड़ा गांव के पास हुई। एक ही परिवार के ये लोग अहमदाबाद से हरिद्वार जा रहे थे। उधर, दौसा जिले में एक शादी समारोह में विषाक्त भोजन करने से बारह लोग बीमार हो गये। इन्हें सैंथल अस्पताल में भर्ती कराया गया है। इनमें नौ बच्चे भी शामिल हैं।

.................

आईपीएल क्रिकेट मैचों की श्रखंला में आज राजस्थान रॉयल्स और चेन्नई सुपर किंग्स के बीच मुकाबला होगा। ये मैच चेन्नई के एमए चिदंबरम स्टेडियम में दोपहर साढे तीन बजे से खेला जाएगा। एक दूसरे मुकाबले में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु और दिल्ली कैपिटल्स की टीम आमने–सामने होंगी। शाम साढे सात बजे से खेला जाने वाला ये मैच बेंगलुरु के एम. चिन्नास्वामी स्टेडियम में होगा। इससे पहले कल, कोलकाता नाइट राइडर्स ने मुंबई इंडियंस को 18 रनों से हरा दिया।

...................